एफ.संख्या 14-01/सा.प्र./2016-एफएसएसएआई
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड,
नई दिल्ली – 110002

दिनांक 17 अक्तूबर, 2018

निविदा आमंत्रित करने से संबंधित सूचना

दर-संविदा के लिए अभिकरणों का पैनल बनाने के लिए निविदा आमंत्रण – एफएसएसएआई, एफडीए भवन, नई दिल्ली - 110002 द्वारा उपलब्ध कराए गए डिजायन के अनुसार बुकलेट्स, पत्रिकाओं, पम्फलेट , प्रमाण पत्र, फोल्डरों, कार्यूची एवं सम्बद्ध अन्य सामग्रियों का मुद्रण एवं आपूर्ति

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण सम्बद्ध क्षेत्रों के अनुभव से संबंधित अभिकरणों से और मुद्रण निदेशालय, भारत सरकार के पैनल में सम्मिलित अभिकरणों से दो बोली प्रणाली के अंतर्गत मुहरबंद निविदा-पूछताछ आमंत्रित करता है। निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट शर्तों के अनुपालन में कार्य-विवरण में विनिर्दिष्ट ब्यौरे के अनुसार विभिन्न आकारों की अपेक्षा के अनुसार अभिकरण को एफएसएसएआई द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले डिजायन के अनुसार बुकलेट्स/पत्रिकाओं/पम्फलेट आदि के मुद्रण एवं आपूर्ति के लिए दर-संविदा के लिए अभीकरण को पैनल में सम्मिलित कराने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. और डीएवीपी (पैनल में सम्मिलित अभिकरणों की सूची संलग्न है) का कार्यालय दिल्ली / राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में है। यह एक दर-करार होगा और यह सफल बोलीदाता के चयन की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा और अभिकरण के निष्पादन कार्य संतोषजनक पाए जाने पर पारस्परिक सहमति से इसे आगे और अधिक अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

2. निविदा दस्तावेज एफएसएसएआई की वैबसाइट पर दिया गया है। उपयुक्त रुप से भरे हुए निविदा दस्तावेज संबंधित सहायक दस्तावेज के साथ 06 नवम्बर, 2018 तक 1300 बजे सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), एफएसएसएआई, एफडीए भवन, कोटला रोड,नई दिल्ली-110002 के कार्यालय को प्रस्तुत करें।

03. निविदा दस्तावेज को एफएसएसएआई की वैबसाइट www.fssai.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इसे वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफएसएसएआई, नई दिल्ली के पक्ष में निविदा शुल्क (अप्रत्यर्पणीय) के संबंध में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के 100/-रुपए मूल्य के डिमांड ड्राफ्ट, जोकि भुगतान के लिए नई दिल्ली में देय होगा, के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है।

04. पत्राचार का पता : सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 ।

सहायक निदेशक(सामान्य प्रशासन)
भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण